प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 24.05.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और धनबाद संसदीय क्षेत्रों के चुनाव कर्मी डिस्पैच सेंटर से मतदान सामग्रियों के साथ बूथों की ओर लगातार हो रहे रवाना, मतदान कल।

2- संताल के समर को जीतने के लिए सभी दलों ने प्रचार में झोंकी ताकत, एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का आज भी धुआंधार प्रचार।

3- टेंडर कमीशन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तलब किए गए आईएएस अधिकारी मनीष रंजन नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय, कर्मचारी के हाथ भिजवाई चिट्ठी, आलमगीर आलम से पूछताछ जारी।

4- देवघर पुलिस ने ऑनलाइन जुए के कारोबार का किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार, पलामू में चोरी की आठ बैट्री के साथ दो पकड़ाये, गोड्डा में भारी मात्रा में अवैध शराब ज़ब्त।

5- आईपीएल क्रिकेट के क्वालीफायर दो में आज सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच मुकाबला।

*****************

राज्य की चार लोकसभा सीटों रांची, गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर में लोकसभा चुनाव के सिलसिले में कल वोटिंग होगी। रांची संसदीय क्षेत्र में चार महिला समेत 27 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे हैं। गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में तीन महिला प्रत्याशी समेत कुल 16 उम्मीदवारों के बीच चुनावी घमासान है। धनबाद लोकसभा क्षेत्र में तीन महिला और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार समेत कुल 25 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में दो महिला समेत कुल 25 उम्मीदवार चुनावी समर में है। इधर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने कहा है कि छठे चरण के मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है।

*****************

रांची, जमशेदपुर, गिरिडीह और धनबाद संसदीय क्षेत्रों में कल लोकसभा चुनाव सम्पन्न कराने के लिए डिस्पैच सेंटर से चुनाव कर्मी ईवीएम, बीयू और सीयू समेत अन्य मतदान सामग्रियों के साथ बूथों की ओर लगातार रवाना किए जा रहे हैं। धनबाद पॉलिटेक्निक में बनाए गए डिस्पैच केंद्र से धनबाद एवं झरिया विधानसभा क्षेत्र, कृषि बाजार समिति धनबाद में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सिंदरी विधानसभा एवं गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के टुंडी तथा बाघमारा विधानसभा इलाके और निरसा पॉलिटेक्निक में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से निरसा विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम और बैलेट यूनिट लेकर मतदान कर्मी अपने–अपने बूथ की ओर रवाना हो रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया की ड्रोन कैमरे से लाइव रिकॉर्डिंग भी कराई जा रही है।

*****************

संताल के चुनावी समर को जीतने के लिए सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं का राजमहल, दुमका और गोड्डा संसदीय क्षेत्रों में धुआंधार प्रचार जारी है। आज भी कई स्टार प्रचारक जनता से संपर्क साधेंगे।

*****************

रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कल होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी जारी है। मोरहाबादी स्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा है। मौके पर ज़िला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

*****************

जमशेदपुर में मतदान सम्पन्न कराने के लिए डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टी को रवाना किया जा रहा है। पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त ने एसएसपी, डीडीसी और अन्य अधिकारियों के साथ आज एलबीएसएम कॉलेज डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

*****************

धनबाद और गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव के लिए बोकारो जिले के 14 लाख 87 हजार से भी ज्यादा मतदाता कल अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। निष्पक्ष एवम शांतिपूर्ण मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए बोकारो इस्पात नगर स्थित मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से माइक्रो ऑब्जर्वर, प्रीजाइडिंग ऑफिसर और मतदानकर्मियो को उनके निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया।

****************

लोकसभा चुनाव को लेकर पाकुड़ में जहां प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज है वहीं राजनीतिक दलों ने भी सक्रियता बढ़ा दी है।

****************

धनबाद में कल लोकसभा चुनाव के सिलसिले में वोटिंग होगी। लोकतन्त्र के पर्व का यहाँ ऐसा आकर्षण है कि नौ घंटे की उड़ान भर कर धनबाद की बेटी विदुषी पूरबे फ्रांस की राजधानी पैरिस से अपने गृह नगर पहुंची हैं। वे कल धनबाद के बरटांड़ में एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज स्थित बूथ संख्या 140 में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगी। वे पैरिस में पॉलिटिकल सांइस की पढ़ाई कर रही हैं। विदुषी की इस पहल को धनबाद की जिला निर्वाचन पदाधिकारी माधवी मिश्रा ने भी सराहा है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****************

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए तलब किए गए आईएएस अधिकारी मनीष रंजन आज ईडी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने राजस्व विभाग के एक कर्मचारी के हाथ चिट्ठी भेजकर ईडी दफ्तर नहीं आने की वजह बताई है। गौरतलब है कि ईडी ने उन्हें समन भेजकर आज पूछताछ के क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा था। इस मामले में ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम उनके निजी सचिव संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम को ईडी पहले ही गिरफ्तार कर चुकी। श्री आलम को फिलहाल ईडी रिमांड पर लेकर  पूछताछ कर रही है।

****************

देवघर पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे ऑनलाइन जुए के कारोबार का भंडाफोड़ किया है। नगर थाने की पुलिस ने अवैध लॉटरी के इस कारोबार को चलाने वाले गिरोह के दो सदस्यों को शहर के बड़ा बाजार सुत्तापट्टी के समीप से गिरफ्तार किया है। इधर गोड्डा में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पोड़ैयाहाट थानांतर्गत एक होटल के समीप भारी मात्रा में अवैध शराब लदे वाहन को ज़ब्त किया है।

****************

पलामू में पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से मोबाइल टावर से चोरी की गई आठ बैट्री को बरामद किया गया है। चोरी की घटना में इस्तेमाल किए गए एम्बुलेंस को भी पुलिस ने ज़ब्त कर लिया है।

****************

आईपीएल क्रिकेट के क्वालीफायर दो में आज सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच शाम साढ़े सात बजे से मुकाबला होगा। इस मैच की विजेता टीम 26 मई को ख़िताबी मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स से भिड़ेगी।

*****समाप्त*******